# आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 18.05.2025** **समय : 07.10PM**

## मुख्य समाचार,

- देश में सहकारी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्व,कहा केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने।
- मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय, भोपाल में इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर का किया लोकार्पण ।
- इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में 20 मई को होगी प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक ।
- प्रदेश में तेज धूप के साथ बारिश का दौर जारी

## समाचार विस्तार से

**अमित शाह – अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बंद हो चुकी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के आर्थिक पुनरुद्धार के उद्देश्य से नई नीति के लिए योजनाओं की घोषणा की है। अहमदाबाद के साइंस सिटी में गुजरात राज्य सहकारी संघ द्वारा आयोजित सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने इन समितियों को पुनर्जीवित करके देश में सहकारी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

सहकारिता मंत्री ने 2029 तक देश भर में हर पंचायत में एक प्राथमिक कृषि ऋण समिति स्थापित करने के सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को भी रेखांकित किया। सहकारी समितियों के बीच सहयोग के सिद्धांत पर सरकार के ध्यान केंद्रित करने पर प्रकाश डालते हुए, श्री अमित शाह ने कहा कि इस पहल से सहकारी जमा राशि में 11 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

**विश्व संग्रहालय दिवस**

आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राज्य संग्रहालय, भोपाल में इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश बहुत समृद्ध है, यहां की पुरातात्विक सामग्रियां हर काल, हर युग में गौरवशाली अतीत की ध्वजा लिए खड़ी हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों की पुरातात्विक धरोहरों पर आधारित पुस्तकों का विमोचन किया।

**इंदौर** के केन्द्रीय संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी, म्यूजियम वॉक व संग्रहालय के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ठजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। **जबलपुर** में रानी दुर्गावती संग्रहालय में आज सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा किया गया।

**नागपुर–शिवराज सिंह चौहान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज महाराष्ट्र में एक राष्ट्र एक कृषि और एक टीम का लक्ष्य प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्य हितधारकों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री चौहान ने कहा कि उनकी सरकार प्रयोगशाला और भूमि के बीच के अंतराल को पाटने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक गांवों का दौरा करेंगे और कृषि में नवाचार तथा बीज की नई किस्मों को लेकर किसानों को शिक्षित करेंगे।

**नर्मदा द्वार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल जिले के नर्मदापुरम मार्ग स्थित समरधा में 'नर्मदा द्वार' के भूमिपूजन किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राजा भोज सहित महान विभूतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर हम इतिहास को जीवंत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। मां भारती के सम्मान और स्वाभिमान के लिए हम सब सदैव एकजुट और समर्पित हैं।

वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से नीमच में स्थापित 10 मेगावॉट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया।

**मुख्यमंत्री बैठक**

इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में 20 मई को प्रस्तावित मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार 20 मई को लोकमाता देवी

अहिल्याबाई जी के 300वें जन्म जयंती वर्ष के समापन अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा में मंत्रि–परिषद् की बैठक आयोजित करने जा रही है, जहां कई जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे।

**तिरंगा यात्राएं–प्रदेश**

भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आज दतिया में पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

**राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा**

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे व्हाट्एप नंबर 94065–23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065–23035

आईये अब सुनते हैं खंडवा जिले के पंधाना निवासी जितेन्द्र कुमार भावरकर का ये संदेश।

**<u>मुख्यमंत्री अभिनंदन</u>**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार ने रोजगारपरक उद्योग–धंधों की स्थापना के लिए अभियान चलाया है। धार में रेडीमेड गारमेंट्स इकाई का जल्दी ही भूमिपूजन होने जा रहा है, इसके माध्यम से लगभग 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। आज भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके परिश्रम, समर्पण, जनकल्याण और विकास के पथ पर बढ़ने वाले संकल्प के कारण ही सरकार अपने निर्णयों को क्रियान्वित करा सकी है।

संघ ने कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

**<u>जल गंगा संवर्धन अभियान</u>**

प्रदेश में "जल गंगा संवर्धन अभियान" जन–जन के सहयोग से जन अभियान बन रहा है"। देवास जिले में अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी, नालों, कुएं, बावड़ियों एवं कुंड की साफ–सफाई की जा रही है तथा उनमें से गदंगी और गाद बाहर निकाली जा रही है। अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद द्वारा देवास विकासखंड के ग्राम निकंलन के निष्कलंकेश्वर महादेव मंदिर की बावड़ी

की साफ–सफाई करने के साथ ही स्वच्छता की शपथ ली। खंडवा में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक द्वारा सदस्यों को अभियान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण का महत्व बताया गया।

**मौसम**

प्रदेश में कहीं तेज धूप तो कहीं बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 21 मई तक दिन में लू चलेगी, जबकि रातें भी गर्म रहेंगी। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी और बारिश का दौर भी रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम इन दिनों एक्टिव है। इनका असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। आज झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

**समाचार संक्षेप में**

- बालाघाट जिले की आंगनवाड़ियों में 23 मई तक 10 दिवसीय विशेष शारीरिक माप अभियान का आयोजन किया जा रहा है।
- शिवपुरी में आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।
- खंडवा में पदस्थ अनुसंधान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- नीमच जिले की सभी पंचायतों एवं नगरीय निकाय के वार्डो में खसरा, समग्र, खाद्य,ईकेवायसी के लिए 14 से 17 मई तक महाभियान आयोजित किया गया।